# छत्तीसगढ़ भू–संपदा विनियामक प्राधिकरण रायपुर

आदेश पत्रिका

प्रकरण कमांक : M-PRO-2018-00126

**डॉ. रवि प्रकाश कोका विरूद्ध श्री केशरिया पार्श्व बिल्डकॉन प्रा.लि., रायपुर**

**प्रोजेक्ट–वालफोर्ट एलिगेन्ट, अमलीडीह, रायपुर (छ.ग.) रजिस्ट्रेशन नंबर–PCGRERA160618000212**

| आदेश कार्यवाही की तारीख व स्थान | आदेश अथवा कार्यवाही | पक्षकार अथवा प्रतिनिधि के हस्ताक्षर |
|---|---|---|
| 27/08/2018 | – प्रकरण प्रस्तुत।<br>– प्रकरण में उभय पक्ष उपस्थित।<br>– प्रकरण का अवलोकन व परिशीलन किया। प्रस्तुत प्रकरण में आवेदक का कथन है कि उसके द्वारा अमलीडीह, रायपुर स्थित रियल एस्टेट प्रोजेक्ट ''वालफोर्ट एलिगेन्ट'' में फ्लैट हेतु दिनाँक 18.04.2018 को रूपये 1,00,000/– मात्र का भुगतान कर बुकिंग की गई थी। आवेदक के अनुसार उसके द्वारा किन्हीं कारणों से उक्त बुकिंग निरस्त की गई थी। इसके उपरांत उसके उक्त राशि लौटाने हेतु बारम्बार अनुरोध करने के बाद भी अनावेदक द्वारा राशि नहीं लौटाई जा रही है। अतः आवेदक ने उक्त राशि अनावेदक से वापस दिलाने का अनुरोध किया है।<br>– प्रकरण में अनावेदक को नोटिस जारी कर जवाब प्रस्तुत करने हेतु सूचित किया गया। अनावेदक द्वारा दिनाँक 22.08.2018 को प्राधिकरण को ई–मेल प्रेषित कर एवं दिनाँक 23.08.2018 को इसकी लिखित प्रति प्रस्तुत करते हुए निवेदन किया गया है कि आवेदक द्वारा दिनाँक 18.04.2018 को प्रश्नाधीन फ्लैट की बुकिंग की गई थी और दिनाँक 02.08.2018 को उक्त फ्लैट की बुकिंग निरस्त करने हेतु अनुरोध किया गया था। आवेदक के इस अनुरोध पर चेक क्रमांक–000518 (NEFT/N22510608467388), दिनाँक 13.08.2018 द्वारा उक्त संपूर्ण राशि 1,00,000/– उसे वापस लौटाई जा चुकी है।<br>– प्रकरण में आवेदक द्वारा दिनाँक 23.08.2018 को प्राधिकरण के समक्ष लिखित आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि अनावेदक द्वारा दिनाँक 13.08.2018 को बुकिंग हेतु प्रदत्त रूपये 1,00,000/– मात्र का भुगतान उसे प्राप्त हो चुका है। साथ ही आवेदक ने अनावेदक से कोई विवाद शेष न रह जाने के कारण प्राधिकरण के समक्ष विचाराधीन प्रकरण समाप्त करने का भी अनुरोध किया है। | |

# छत्तीसगढ़ भू–संपदा विनियामक प्राधिकरण रायपुर

आदेश पत्रिका

प्रकरण क्रमांक : M-PRO-2018-00126

**डॉ. रवि प्रकाश कोका विरूद्ध श्री केशरिया पार्श्व बिल्डकॉन प्रा.लि., रायपुर**

**प्रोजेक्ट–वालफोर्ट एलिगेन्ट, अमलीडीह, रायपुर (छ.ग.) रजिस्ट्रेशन नंबर–PCGRERA160618000212**

| आदेश कार्यवाही की तारीख व स्थान | आदेश अथवा कार्यवाही | पक्षकार अथवा प्रतिनिधि के हस्ताक्षर |
|---|---|---|
| | – प्रस्तुत विचाराधीन प्रकरण में उभय पक्षों के मध्य आपसी सहमति व सुलह होने तथा आवेदक को बुकिंग हेतु प्रदत्त राशि वापस प्राप्त हो जाने के फलस्वरूप प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की आवश्यकता न होने से प्रकरण समाप्त कर निराकृत किया जाता है।<br><br>– उभय पक्षों को आदेश की प्रति नियमानुसार उपलब्ध कराकर प्रकरण नस्तीबद्ध करते हुए अभिलेखागार भेजा जावे।<br><br>(नरेन्द्र कुमार असवाल)<br>सदस्य<br>भू–संपदा विनियामक प्राधिकरण<br>छत्तीसगढ़, रायपुर<br><br>(राजीव कुमार टम्टा)<br>सदस्य<br>भू–संपदा विनियामक प्राधिकरण<br>छत्तीसगढ़, रायपुर<br><br>(विवेक ढाँड)<br>अध्यक्ष<br>भू–संपदा विनियामक प्राधिकरण<br>छत्तीसगढ़, रायपुर | DR P K Koka<br><br>FOR SHREE KESHARIA PARSHVA BUILDCON PVT LTD. |

छत्तीसगढ़ भू–सम्पदा विनियामक प्राधिकरण रायपुर